बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-65
21/02/2024

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण कार्य विभाग की 4446.188 करोड़ रुपये की लागत की 3618 याजनाओं का रिमोट के माध्यम से किया उद्घाटन

पटना, 21 फरवरी 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में रिमोट के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग की 4446.188 करोड़ रुपये की लागत की 3590 पथों एवं 28 पुलों यानी कुल 3618 याजनाओं का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत 1735.814 करोड़ रुपये लागत की 1583 पथों एवं 11 पुलों, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ परत नवीनीकरण कार्यक्रम अन्तर्गत 2576.070 करोड़ रुपये की 1977 पथों तथा राज्य योजना अन्तर्गत 134.304 करोड़ रुपये की 30 पथों एवं 17 पुलों का उद्घाटन किया गया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 में सरकार में आने के बाद से मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में राज्य में कई सड़कों एवं पुलों का निर्माण कराया गया। राज्य के किसी भी सुदूर क्षेत्र से राजधानी पटना पहुँचने के लिये 6 घंटे के लक्ष्य को प्राप्त कर लिया गया है और अब 5 घंटे के लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत भी कई ग्रामीण पथों एवं पुलों का निर्माण किया गया है। ग्रामीण कार्य विभाग का बजट जो वर्ष 2007–08 में लगभग 1390 करोड़ रूपये था वह वर्ष 2023–24 में बढ़कर 11569 करोड़ रूपये हो गया। ग्रामीण कार्य विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना, ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कम आबादी वाले बसावटों एवं टोलों में आवासित सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टिकोण से पिछड़े हुये ग्रामीणों को सुलभ सम्पर्कता प्रदान करने के लिये इन योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री का यह निर्देश रहा है कि जो नई सड़कें बनायी जाती हैं, उनका नियमित रूप से रख–रखाव भी होता रहे ताकि आमजनों को बारहमासी सुगम सम्पर्कता का लाभ मिलता रहे। क्षतिग्रस्त महत्वपूर्ण पथों के उन्नयन हेतु मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना 2023 से प्रारंभ की गयी है ताकि निर्धारित समय अवधि में सड़कों का पुननिर्माण, सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ीकरण किया जा सके और लोगों का आवागमन हमेशा सुलभ बना रहे।

कार्यक्रम में ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल ने मुख्यमंत्री को हरित गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं पर आधारित एक लघु फिल्म की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव श्री पंकज कुमार पाल, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, ग्रामीण कार्य विभाग के अभियंता प्रमुख श्री भगवत राम, अन्य वरीय पदाधिकारीगण एवं अभियंतागण उपस्थित थे।

******